# भांकरोटा गैस टैंकर विस्फोट में झुलसे एक और व्यक्ति की मौत

## इस हादसे में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी हैं, जबकि 8 लोग अभी भी सवाई मानसिंह अस्पताल की बर्न यूनिट में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं

**जयपुर (कासं)।** अजमेर-जयपुर एक्सप्रेस हाईवे भांकरोटा इलाके में 20 दिसंबर को एलपीजी ब्लास्ट में झुलसे एक और व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई। पिछले आठ दिन में इस भीषण हादसे में 20 लोगों की मौत हो चुकी हैं। इसमें एक रिटायर्ड आईएएस करणी सिंह भी शामिल है। हादसे में झुलसे आठ और लोग अब भी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सवाई मानसिंह अस्पताल के बर्न यूनिट में एडमिट पीड़ित 50 फीसदी के करीब झुलसे हुए हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 6.15 बजे अजमेर निवासी सलीम की इलाज के दौरान मौत हुई। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

ज्ञात रहे कि 20 दिसंबर को जयपुर-अजमेर हाईवे पर घटना में 27 लोग 80 फीसदी तक झुलस गए थे। इनमें सबसे अधिक संख्या 50 से

**■ जयपुर-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर 20 दिसंबर को एल.पी.जी. गैस से भरे टैंकर और ट्रक की भिंड़त से हुआ था ब्लास्ट**

55 फीसदी तक झुलसे लोगों की थी। जानकारी के अनुसार सलीम भी करीब 55 फीसदी झुलस गया था। सलीम का भाई उसे हॉस्पिटल लाने के दौरान से उसके साथ था। उसे उम्मीद थी कि आठ दिन बाद जरूर उसका भाई बच जाएगा, लेकिन शनिवार सुबह डॉक्टर्स ने उसे मौत की जानकारी दी। एसएमएस के बर्न स्पेशलिस्ट डॉ. राकेश जैन ने बताया कि टीम घटना के बाद से ही घायल मरीजों के इलाज में लगी है। हर सम्भव कोशिश की जा रही है कि मरीजों की रिकवरी का रेट बढ़े। डॉक्टर्स की टीम अच्छे से अच्छा उपचार देने का प्रयास कर रही है।

ज्ञात रहे कि इस हादसे में 4 लोग तो मौके पर ही जिंदा जल गए थे, जबकि 6 लोगों ने उसी दिन सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ा था। इसके अलावा 1 मौत जयपुरिया हॉस्पिटल में हुई थी। हादसा इतना भीषण था कि 5 शवों की पहचान डीएनए सैंपल से की गई। इनमें पूर्व आईएएस करणी सिंह भी शामिल थे। बेटी से लिए सैंपल से उनकी बॉडी की पहचान हुई। इस घटना में घायल 15 लोगों को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया है। वहीं, डॉक्टर्स का कहना है कि डीप बर्न के कारण बहुत से लोगों के हेल्दी टिश्यू जल गए हैं। कई पीड़ितों के लीवर-किडनी पर भी असर हुआ। इसका प्रभाव लंबे समय तक रह सकता है।

20 दिसंबर को सुबह करीब पौने 6 बजे जब एलपीजी गैस से भरे टैंकर से ट्रक की भिड़ंत हुई तो करीब 500 मीटर के एरिया में गैस फैल गई थी। टक्कर के बाद हुए ब्लास्ट में 40 से ज्यादा गाड़ियां और उनमें सवार लोग चपेट में आ गए थे। टैंकर के ठीक पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई थी। एक्सीडेंट की वजह से बस का दरवाजा एक ट्रक से चिपक गया। इस कारण उसमें सवार 34 लोगों को बाहर निकलने की जगह ही नहीं मिली। बड़ी मुश्किल से ड्राइवर वाले गेट से लोगों को बाहर निकाला गया। आग बुझने के बाद कई शवों को पोटली में डालकर अस्पताल ले जाया गया था। केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने हादसे के करीब एक हफ्ते बाद शुक्रवार को एनएचएआई के रीजनल अधिकारी दिनेश चतुर्वेदी को हटा दिया है। उनका ट्रांसफर दिल्ली किया गया है। उनकी जगह अब्दुल बासिल को लगाया है। हादसे के कारणों को लेकर अब तब जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।

# जयपुर कलक्टर ने एक ही दिन में 328 खुले बोरवेल बंद करवाए


**जयपुर (कासं)।** खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटना को लेकर जिला प्रशासन सतर्कता दिखाई है। रामधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं ऐसे हादसों को रोकने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर शनिवार को जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने मुहिम के तहत जिले में कुल 328 खुले बोरवेल को बंद करवाया गया।

जयपुर तहसील में 4 बोरवेल, आमेर तहसील में 15 बोरवेल, कालवाड़ तहसील में 2 बोरवेल, तूंगा तहसील में 50 बोरवेल, जमवारामगढ़ तहसील में 6 बोरवेल,

**■ खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटना को लेकर जिला प्रशासन ने दिखाई सतर्कता**

माधोराजपुरा तहसील में 7 बोरवेल, बस्सी तहसील में 17 बोरवेल, चाकसू तहसील में 32 बोरवेल, आंधी तहसील में 15 बोरवेल, किशनगढ़- रेनवाल तहसील में 2, कोटखावदा तहसील में 5, सांभर तहसील में 31 बोरवेल, जोबनेर तहसील में 10 बोरवेल, रामपुरा डाबड़ी तहसील में 7, सांगानेर तहसील में 12 बोरवेल, शाहपुरा तहसील में 20 बोरवेल, चौमूं तहसील में 20 बोरवेल ,जालसू तहसील में 10 बोरवेल, दूदू तहसील में 27 बोरवेल, फागी तहसील में 14 बोरवेल और मोजमाबाद तहसील में 22 खुले बोरवेल बंद करवाए गए।

गौरतलब है कि जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने जिले में बोरवेल खुदाई से 15 दिन पहले प्रशासन को



सूचना देने के आदेश जारी किए थे। वहीं, जिला कलक्टर के निर्देश पर खुले बोरवेल को बदं करने के निर्देश पर जिले के उपखंड अधिकारियों पर तहसीलदार सेवा के अधिकारियों ने चिन्हित 328 खुले बोरवेल को लोहे के ढक्कन सहित अन्य उपायों से बंद करवाया।

## जयपुर पुलिस ने 52 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली

**जयपुर।** जयपुर पश्चिम पुलिस ने 52 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट (एचएस) खोल कर क्राइम कंट्रोल किया है। पुलिस ने नवम्बर और दिसम्बर माह में 42 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली है। इन लोगों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। लोगों में उनकी मौजूदगी से लोगों में डर रहता था। क्राइम को कंट्रोल करने के लिए पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बदमाशों के रिकॉर्ड पर काम किया। इसके बाद आदतन बदमाशों की लिस्ट तैयार कर उनकी गिरफ्तारी और कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ने सुपरवीजन करते हुए इस साल में 52 बदमाशों की एचएस खोल दी। यह पहला जिला है, जिसमें इतने अधिक बदमाशों की एक साल में हिस्ट्रीशीट खोली गई हो। इन बदमाशों के खिलाफ अलग-अलग थानों में 627 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि भू-माफिया, मादक पदार्थ एवं शराब तस्करी, हत्या, लूट डकैती नकबजनी चोरी, जमीनों पर अवैध कब्जे करना, मारपीट करना, धोखाधड़ी जैसे संगीन एवं गम्भीर अपराधों में शामिल अपराधियों का रिकॉर्ड तैयार कर एक्शन लिया गया।

# सर्द मौसम में बेघरों के लिए सहारा बनेंगे सरकारी स्थायी-अस्थायी आश्रय स्थल

## जयपुर समेत प्रदेश की 189 नगरीय निकायों में लगभग 12 हजार लोगों की क्षमता के 236 स्थायी आश्रय स्थल संचालित हो रहे हैं

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान में शीतलहर और सर्दी आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है। कई शहरों में पारा 5 डिग्री से नीचे चला गया है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मावठ से आगामी दिनों में सर्दी और बढ़ने के आसार हैं और इस मौसम की मार उन लोगों पर सबसे ज़्यादा पड़ती है, जिनके पास खुद का आश्रय नहीं होता।

इन्ही जरूरतमंद लोगों को सम्मानजनक आश्रय देने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है।

**■ जयपुर शहर में लालकोठी, झालाना डूंगरी, कानोता, जगतपुरा, सांगानेर, भांकरोटा सवाई मानसिंह अस्पताल के बांगड़ परिसर समेत 13 जगहों पर स्थायी आश्रय स्थल बने हैं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार प्रदेश में शहरी बेघर व्यक्तियों को स्थायी आश्रय स्थल में रखने और उन्हें तमाम सुविधाएं मुहैया करवाने काम कर रही है।

सरकार द्वारा राज्य के कुल 189 नगरीय निकायों



में लगभग 12 हजार व्यक्तियों की क्षमता के 236 स्थायी आश्रय स्थल संचालित किए जा रहे है, जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ जैसे स्वच्छ पानी, बिजली, शौचालय, रसोई, गीजर आदि उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही नगरीय निकायों में आवश्यकतानुसार अस्थायी आश्रय स्थलों का संचालन भी किया जा रहा है। इन सभी अस्थायी आश्रय स्थलों में भी समस्त आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक जयपुर शहर में लालकोठी, झालाना डूंगरी, कानोता, जगतपुरा, सांगानेर, भांकरोटा सवाई मानसिंह अस्पताल के बांगड़ परिसर समेत कुल 13 जगहों पर स्थायी आश्रय स्थल बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 की शुरुवात में देशभर में जहां एक ओर नए साल की धूम थी, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रैन बसेरों में रह रहे लोगों के बीच पहुंचे थे। जहां मुख्यमंत्री ने रैन बसेरों में रह रहे लोगों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी और सड़कों पर रह रहे निराश्रित लोगों को कंबल भी वितरित किए थे।

## "आओ चलें प्रयागराज कुंभ महाअभियान" 31 दिसंबर से

**जयपुर।** विश्व के सबसे बड़े विशाल धार्मिक व सांस्कृतिक संमागम में भागीदार बनने के आहवान के साथ "आओ चले प्रयागराज महाकुम्भ चले" महा अभियान चलाया जायेगा। अभियान के संयोजक व संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि हिन्दू धर्म में कुम्भ मेले का बडा महत्व है। यह दुनिया का सबसे बडा धार्मिक कार्य है। यह कार्यक्रम इस बार 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा। इसमें पांच शाही स्नान होंगे, जिसमें मंकर सक्रांति, मोनी अमावस्या बंसत पंचमी, महा पूर्णिमा, महाशिवरात्री शामिल है। कुम्भ मेले में गंगा, युमना व अदृश्य सरस्वती के संगम में स्नान करने से पापो का नाश और आत्मा की शुद्धि होती है। महाकुम्भ में दुनिया भर से हिन्दु आस्था से जुड़े 25 करोड लोग एक साथ एकत्रित होंगे, ऐसा अनुमान है। पंड़ित मिश्रा ने बताया कि इस महाकुम्भ में संस्कृति युवा संस्था की ओर से "आओ चले प्रयागराज कुम्भ महा अभियान" को 31 दिसम्बर से प्रारम्भ किया जायेगा। अभियान का शुभारम्भ प्रदेश के बडे मन्दिर मेहंदीपुर बालाजी धाम से महाअभियान का शुभारम्भ पीले चावल बाट कर व स्टिकर विमोचन के साथ होगा। यह समारोह मेहंदीपुर बालाजी के महन्त डॉ. नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में होगा। उसके पश्चात् पूरे प्रदेश के मन्दिरों में श्रद्धालुओं को पीले चावल बांटे जाएंगे।

## सार-समाचार

### बच्चों को स्वेटर वितरित किए



**जयपुर।** निर्धन बच्चों की नि:शुल्क शिक्षार्थ संस्था "सत्यचित्त पुष्पानंद सामाजिक विकास संस्था" जयपुर के बैनर तले मानसरोवर के एक भवन में नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज ने उपस्थित सभी बच्चों को स्वेटर प्रदान करते हुए संस्था द्वारा किए जा रहे बाल स्वेटर अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि कडाके की सर्दी को ध्यान में रहते जरूरतमंद बच्चों की सेवार्थ संस्था द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की सहायतार्थ हर माह बच्चों के कल्याणार्थ जिनमें पाठ्य पुस्तिका, दैनिक वस्त्र आदि वितरित किए जाते हैं, वास्तिविक रूप से संस्था की सेवा अविस्मरणीय है। संस्था सचिव रीता पाठक ने आमंत्रित अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनन्दन करते हुए संस्था की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसके अंतर्गत दिसंबर जनवरी माह में 1000 बच्चों के स्वेटर शहर की विभिन्न कच्ची बस्तियों में रह रहे गरीब बच्चों को प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर बच्चों ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।।

### क्रिसमस व नववर्ष समारोह का आयोजन

**जयपुर।** शहर में मनाए जा रहे क्रिसमस तथा नववर्ष के कार्यक्रमों मे सामाजिक संस्था भव्य प्रेम सेवा मिशन ट्रस्ट तथा लिपिका सोशल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में क्रिसमस एवं नववर्ष कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव राजेश चौधरी, समन्वय ग्रुप के संस्थापक मक़सूद खान, भीम आर्मी प्रदेशध्यक्ष जीतेन्द्र हटवाल तथा समता सैनिक दल प्रदेशध्यक्ष धर्मपाल बौद्ध, पूजा पी जी कॉलेज प्राचार्या डॉ. ललिता स्वामी, सदस्य राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कमलेश कपिल अतिथि रहे। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट से जुड़े बच्चों ने भजन, राजस्थानी तथा देशभक्ति के गानों पर डांस प्रस्तुतियाँ दी। संस्था अध्यक्षा शकुन सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम हरवर्ष आयोजित होता है, इसमें ट्रस्ट से जुड़े हुए परिवार मिलकर गरीब बच्चों मे कपड़े, कम्बल, भोजन तथा शिक्षा सामग्री वितरण, पौधा रोपण, स्वास्थ्य तथा शिक्षा जनजागरूकता कार्यक्रम नारी उत्थान के कार्यक्रम करते है।

### 'शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं'

**जयपुर।** जीवन में सफलता और असफलता दोनों ही स्वाभाविक हैं, और दोनों को एक ही नजरिये से देखना हमारे जीवन में संतुलन और सरलता लाता है। हम अपनी रिश्तों, उपलब्धियों या असफलताओं से परिभाषित नहीं होते, ये केवल हमारे सफर के हिस्से होते हैं। शिक्षा भी सिर्फ डिग्री हासिल करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली सीखने की प्रक्रिया है, जिससे हम अपने कौशल को बेहतर बना सकते हैं, और कुछ लोगों के लिए तो यह जीवन का हिस्सा बन जाती है। लेकिन हमारी सोच अकसर शिक्षा को सिर्फ नौकरी पाने के साधन तक सीमित कर देती है, जिससे सीखते रहने का असली आनंद पीछे छूट जाता है। जहां प्रौद्योगिकी के कारण 97 मिलियन नई नौकरियां सृजित हो रही हैं, वहीं 87 मिलियन लोग तकनीकी बदलावों के कारण अपनी नौकरियों से वंचित हो गए हैं, इसलिए इन अवसरों का सही तरीके से इस्तेमाल करना जरूरी है। चाहिए। यह बातें पूर्व केन्द्रीय मंत्री, स्मृति ईरानी ने जयपुर के सेंट जेवियर्स एलुमनाई द्वारा आयोजित सेंट जेवियर्स स्कूल के प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन में कही। चर्चा का आयोजन "इंडिया- द नेक्स्ट डिकेड एंड बियॉन्ड" विषय पर आयोजित किया गया। स्मृति ईरानी ने जेवियर्स प्लैटिनम जुबली कमेटी के इवेंट कोऑर्डिनेटर, महावीर शर्मा के साथ संवाद किया।

### भरतनाट्यम का सलोनापन दर्शाया

**जयपुर।** संगीत आश्रम संस्थान की ओर से संस्थान परिसर में चल रहे तबला साज के शहंशाह उस्ताद मरहूम जाकिर हुसैन को समर्पित तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह के दूसरे दिन शनिवार को नृत्यांगना नारायणी गायत्री इय्यूणी ने सुरीले गायन के बाद भरतनाट्ययम नृत्य की लालित्यपूर्ण प्रस्तुति दी। कलाकार नारायणी गायत्री इय्यूणी ने प्रारंभ में आंगिक-भंगिमाओं, मुद्राओं व नृत्याभिनय के खूबसूरत संयोजन में भरतनाट्ययम नृत्य का सलोनापन दर्शाया। कलाकार नारायणी गायत्री इय्यूणी ने आदितालम, 8 मात्रा में श्रीविघ्नराजम भजे...रचना पर पुष्पांजलि की लयबद्ध प्रस्तुति दी। इसके बाद मिश्र चापु, 7 मात्रा में अलारिपु की नयनाभिराम प्रस्तुति दी। इस कलाकार ने आदिताल में निबद्ध राग किरवानी में देवस्तुति के बाद आदिताल में ही राग रेवती की भावपूर्ण रचना पर शिवस्तुति और फिर आदिताल में तिल्लाना की सुरुचिपूर्ण प्रस्तुति देकर माहौल को अपने ही रंग में रंग दिया। अंत में इस कलाकार ने खंड चापु-5 मात्रा में मंगलम की सुन्दर प्रस्तुति से अपने कार्यक्रम को विराम दिया।

### दुपहिया वाहन चोर गिरोह पकड़ा

**जयपुर।** मालवीय नगर पुलिस ने मोटरसाइकिल चुराने वाले शातिर बदमाश और उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोरी करने वाले शातिर वाहन चोर मोहम्मद खुर्शीद (20) निवासी दानापुर जिला पटना (बिहार) हाल झालाना डूंगरी जयपुर सहित अन्य साथी राजा सोनी और रोहित बुनकर को गिरफ्तार किया है।

## घर से भागी बच्चियों को पुलिस ने तलाशा

**जयपुर।** परीक्षा का पेपर खराब होने पर दो नाबालिग सहेलियों के घर छोड़कर भागने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि करधनी निवासी इन दोनों बच्चियों का अर्द्धवार्षिक परीक्षा का पेपर अच्छा नहीं हुआ था। परिजनों की डांट के डर से बचने के लिए दोनों घर छोड़कर चली गईं। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को देर रात सुरक्षित ढूंढकर परिजनों को सौंप दिया। बैनाड़ रोड करधनी निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी नाबालिग बेटी प्राइवेट स्कूल में 9वीं क्लास में पढ़ती है। जो शुक्रवार को स्कूल में हाफ इयरली एग्जाम का पेपर देने गई थी। दोपहर करीब 1 बजे घर से नाबालिग बेटी और उसकी सहेली बिना बताए चले गए। कुछ देर बाद दोनों सहेलियां नहीं दिखाई दी तो परिजनों ने ढूंढना शुरू किया। आस-पास ढूंढने के साथ ही सहेली के घर पर जानकारी करने पर वहां भी नहीं पहुंचने का पता चला। परिजनों ने अपने स्तर पर परिचित-रिश्तेदारों के साथ ही इधर-उधर दोनों नाबालिग सहेलियों की तलाश की। थाने पहुंचकर परिजनों ने नाबालिग सहेलियों के रहस्यमयी तरीके से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस टीमें सीसीटीवी फुटेज के साथ हुलिए के आधार पर दोनों सहेलियों की तलाश में जुटी और उन्हें सकुशल ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया।

# परिवहन विभाग जनवरी में चलायेगा वाहनों का सघन निरीक्षण अभियान : शुचि त्यागी

**जयपुर।** प्रदेश में नव वर्ष की शुरुआत के साथ पूरी जनवरी सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा और इस माह के दौरान वाहनों का सघन निरीक्षण भी किया जाएगा। सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों की पालना नहीं करने वाले वाहनों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही परिवहन विभाग द्वारा विशेष पहल कर सड़क सुरक्षा अभियान को जन-जन का अभियान बनाया जाएगा।

शासन सचिव एवं परिवहन आयुक्त शुचि त्यागी ने शनिवार को परिवहन भवन में प्रदेश के सभी प्रादेशिक परिवहन अधिकारियों एवं अन्य उच्चाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर जनवरी माह में चलाए जाने वाले सड़क सुरक्षा अभियान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में परिवहन आयुक्त ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सड़क सुरक्षा के संबंध मे बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए थे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन हम सभी की जिम्मेदारी है और यातायात नियमों की पालना के साथ नियमों की जानकारी होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा के लिए 6 एजुकेशन, इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, इमरजेंसी केयर, इवेल्यूएशन, एन्गेजमेंट आधारित रणनीति के तहत कार्यवाही



**परिवहन आयुक्त एवं शासन सचिवच शुचि त्यागी ने शनिवार को प्रदेश के सभी प्रादेशिक परिवहन अधिकारियों और विभाग के अफसरों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की तैयारियों पर चर्चा की।**

प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि जनवरी से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं तथा इसके अन्तर्गत स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। साथ ही, जनसाधारण को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि जागरूकता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने का प्रयास जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान को जन-जन का अभियान बनाते हुए सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी भी दी जाए। साथ ही, जनसाधारण को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

त्यागी ने कहा कि अभियान के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों की पालना सुनिश्चित न करने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी प्रादेशिक परिवहन अधिकारियों को वाहनों के दस्तावेजों की जांच के भी निर्देश दिए। उन्होंने ओवरलोडिंग, ओवरहैंगिंग, ओवरक्राउडिंग आदि के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जांच सहित सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने

**■ अभियान में मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों की पालना नहीं करने वाले लोगों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी, आमजन को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जायेगा**

के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, सहित तमाम प्रबंध सुनिश्चित किया जाए जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके। अनाधिकृत पार्किंग, सड़कों पर अनाधिकृत कट पर तुरंत कार्रवाई की जाए ताकि दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने जिला प्रशासन से भी इस संबंध में विशेष अभियान चलाए जाने का आव्हान किया।

त्यागी ने कहा कि यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर परिवहन आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव रेणु खंडेलवाल, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा निधि सिंह, मुख्यालय के उच्चाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही पूरे प्रदेश के प्रादेशिक परिवहन अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

# जयपुर जिला प्रशासन ने 44 दिन में 274 रास्ते खुलवाए



**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुरू हुआ रास्ता खोलो अभियान ग्रामीणों के लिए राहत का दूसरा नाम बन गया है। अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से महज 44 दिनों में गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े 274 रास्ते खुलवाने में कामयाबी हासिल की है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल अधिकारी सुमन पंवार ने बताया कि अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले के समस्त तहसीलों में बरसों से बंद 25 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि जयपुर तहसील में 4 रास्ते, कालवाड़ तहसील में 8 रास्ते, आमेर तहसील में 21 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 11 रास्ते, आंधी तहसील में 21 रास्ते, बस्सी तहसील में 13 रास्ते, तूंगा तहसील में 9 रास्ते खुलवाए गए। वहीं, शाहपुरा तहसील में 19 रास्ते, जोबनेर तहसील में 22 रास्ते, किशनगढ़-रेनवाल तहसील में 18 रास्ते, फुलेरा तहसील में 18 रास्ते, रामपुरा-डाबड़ी तहसील में 12 रास्ते, जालसू तहसील में 12 रास्ते, चौमूं तहसील में 24 रास्ते, सांगानेर तहसील में 14 रास्ते खुलवाए गए।

सुमन पंवार ने बताया कि चाकसू तहसील में 15 रास्ते, कोटखावदा तहसील में 13 रास्ते एवं माधोराजपुरा तहसील में 20 रास्ते खुलवाए गए।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। इससे आमजन को बेवजह कोर्ट में चक्कर काटने पड़ते थे।